# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

**वर्ग-2**

मंगलवार तिथि 09 फाल्गुन, 1933 (श०) / 28 फरवरी, 2012 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या—82**

| | |
|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग .. .. .. | 11 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग .. .. .. | 21 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग .. .. | 06 |
| (4) परिवहन विभाग .. .. .. | 03 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग .. .. .. | 01 |
| (6) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग .. .. .. | 02 |
| (7) उच्च शिक्षा विभाग .. .. .. | 11 |
| (8) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग .. .. .. | 14 |
| (9) समाज कल्याण विभाग .. .. .. | 08 |
| (10) निबंधन विभाग .. .. .. | 02 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग .. .. .. | 01 |
| (12) खान एवं भूतत्व विभाग .. .. .. | 01 |
| (13) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग .. .. .. | 01 |
| कुल योग | 82 |

भवन का निर्माण

*233. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय भवन के अभाव में रेफरल अस्पताल, मोहनपुर में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय भवन निर्माण हेतु रेफरल अस्पताल में खाली पड़ी जमीन का चयन किया जा चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल के खाली पड़ी ज़मीन पर शीघ्र बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

संख्या बढ़ाना

*234. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में हर वर्ष अंतर-स्नातक पास करने वाले 2.5 लाख छात्र, दिल्ली, पूणे, कर्नाटक आदि प्रान्तों में उच्च शिक्षा के लिए चले जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में 10 करोड़ 38 लाख आबादी के लिए मात्र 11 विश्वविद्यालय हैं, जिसके कारण शैक्षणिक माहौल एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है;

(3) क्या यह बात सही है कि देश के 550 विश्वविद्यालय के अनुपात में यह 3 प्रतिशत से भी कम है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक छात्रों के पलायन को रोकने के लिए विश्वविद्यालय की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कॉलेज खोलना

*235. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2007-08 में सभी जिलों में पॉलीटेकनिक कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है, परन्तु नवादा जिला में पॉलिटेकनिक कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीवरावां प्रखंड में पॉलीटेकनिक कॉलेज खोलने हेतु जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला के पकरीवरावां प्रखंड में पॉलीटेकनिक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*236. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2009 में प्रत्येक प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी एवं सदर प्रखंड में एक भी स्टेडियम निर्माण नहीं हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि मनीगाछी एवं सदर प्रखंड के नेहरा उच्च विद्यालय का खेल मैदान एवं भारतीय फुटबॉल मैदान, दहौरा एवं अतीहर उ०वि० मैदान में अबतक स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*237. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 8 जुलाई, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''हर साल तीन हजार करोड़ का खर्च फिर भी नहीं सुधरी उच्च शिक्षा'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हर साल तीन हजार करोड़ रुपया उच्च शिक्षा के मद में व्यय होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त राशि के खर्च होने के बाद भी राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उच्च शिक्षा में सुधार करने के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

---------

स्नातक स्तर की पढ़ाई

*238. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर के रिजनंदन ठाकुर सावित्री महाविद्यालय में 10+2 तक की पढ़ाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर की पढ़ाई नहीं होती है जिसके कारण उक्त महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर की पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण

*239. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड के दण्डी स्वामी (10+2) उच्च विद्यालय स्तर की स्थापना वर्ष 1950 में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन एवं फर्नीचर के अभाव में नामांकित विद्यार्थियों को अपने घर वापस लौटना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण एवं फर्नीचर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम की मरम्मती

*240. श्री (डा०) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला स्टेडियम का दर्शकदीर्घा पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्टेडियम के दर्शकदीर्घा की मरम्मती कराकर स्टेडियम के भीतरी एवं बाहरी भाग में मिट्टी भराई का कार्य कराते हुए उसके सौन्दर्यीकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*241. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत हसनगंज प्रखंड में मध्य विद्यालय हसनगंज में खेल का मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में स्टेडियम के अभाव में खेलों का आयोजन नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान में स्टेडियम निर्माण का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय खोलना

*242. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी, रामगढ़ एवं बड़हिया प्रखंडों में अनुसूचित जाति/जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि उनकी जनसंख्या करीब 10 हजार से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहां अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भूमि उपलब्ध कराना

*243. श्री अरुण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर अनुमंडल अवस्थित जमुना धर रूंगटा बालिका उच्च विद्यालय को भवन निर्माण मद में उपलब्ध कराये गये 26,00,000/- (छब्बीस लाख) रुपये दो-दो बार लौटाने पड़े है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के पास भूमि एवं भवन दोनों का अभाव है, जिससे वर्ग संचालन बाधित होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपलब्ध राशि के लिए भूमि उपलब्ध एवं भवन की कमी दूर कर वर्ग संचालन व्यवस्थित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*244. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के अधीन मंगवार मध्य विद्यालय विगत दस वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह विद्यलय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने के सारे नियमों को पुरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मंगवार मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों?

शिक्षक की नियुक्ति

*245- श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्डान्तर्गत गाँधी उच्च विद्यालय में इस वर्ष से +2 में नामांकन प्रारम्भ किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में पढ़ाने के लिए शिक्षक एवं भवन की कमी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षक एवं भवन की कमी दूर करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नीति लागू करना

*246. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, खनन एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने विसंगतियों को दूर करने के लिए नई बालू नीति बनाने की घोषणा एक वर्ष पूर्व की थी, तथा इसके लिए सरकार द्वारा एक समिति भी गठित की जा चुकी है, पर अबतक बालू नीति नहीं बन पाई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य हित में यथाशीघ्र नई बालू नीति लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*247. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ने बिहार शिक्षा परियोजना निदेशक, बिहार, पटना को अपने पत्रांक 1719, दिनांक 12 अप्रील, 2011 के द्वारा बिहार में 33 कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोलने का आदेश दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना, बिहार, पटना ने अपने पत्रांक 3380, दिनांक 29 अप्रील, 2011 के द्वारा बिहार के सभी जिला पदाधिकारी को आदेश दिया कि विज्ञापन निकाल कर एन०जी०ओ० से क०गां०बा०अ०वि० चलवाया जाय लेकिन आजतक किसी भी जिला पदाधिकारी ने विज्ञापन नहीं निकाला है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस दिशा में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*248. श्री (डॉ०)फैयाज अहमद—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड स्थित जितवारपुर मधुबनी पेंटिंग के लिए राष्ट्रख्याती प्राप्त गांव है, जहां काफी संख्या में विदेशी पर्यटक भी मधुबनी पेंटिंग से आकर्षित होकर आया करते है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांव को आदर्श ग्राम की सुविधा मुहैया कराने एवं मधुबनी पेंटिंग के कलाकारों को प्रोत्साहित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

* 249. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड शाहपुर में एक भी स्टेडियम नहीं है, जिससे यहां के लोगों की खेल प्रतिभा निखर नहीं पाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड शाहपुर अंतर्गत ग्राम करजा से दक्षिण पी०डब्लू०डी० सड़क के बगल में बिहार सरकार की जमीन खाली पड़ी है जो स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड शाहपुर में खाली उक्त जमीन पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

* 250. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, अनु०जाति/अनु० जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2010-11 में महादलित विकास मिशन से दलित सामुदायिक भवन निर्माण हेतु कल्याण विभाग, शिवहर को राशि उपलब्ध करायी गई है;

(2) क्या यह बात सही कि संबंधित पदा० द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं दी जा रही है, जबकि उक्त प्रखंड में बिहार सरकार की आम एवं खास भूमि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

मुकदमा का निदान

* 251. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय मुकदमा नीति, 2010 के तहत विभागीय मुकदमों की संख्या शून्य किया जाना है परन्तु उक्त नीति बनने के डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी भी उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित सात हजार केस माननीय पटना उच्च न्यायालय में लंबित है, यदि हां, तो मुकदमों की संख्या शून्य करने हेतु सरकार कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

भवन का निर्माण

* 252. श्री भोला राय--क्या मंत्री, अनु०जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सोनाली में डॉ० भीम राव अम्बेदकर अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय का भवन जर्जर है, जिसमें पठन-पाठन का कार्य चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कारगर कदम उठाना

* 253. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 मई, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कोचिंग नीति तो बनी पर अमल नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में कोचिंग नीति बने एक साल हो गये अबतक सिर्फ 17 फीसदी संस्थानों ने ही निबंधन आवेदन दिया है, कई लोगों ने सिर्फ पैसा कमाने के लिए संस्थान खोल रखा है, ऐसे संस्थानों पर शुल्क लेकर कोर्स नहीं पूरा कराने का आरोप आम है;

(2) क्या यह बात सही है कि कोचिंग नीति के तहत सभी संस्थानों को 30 दिनों में निबंधन के लिए आवेदन दिया गया जिनकी जाँच अबतक नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोचिंग नीति को अमल में नहीं लाने वाले संस्थाओं के विरुद्ध कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

* 254. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य के मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का निर्णय वर्ष 2006-07 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, बेलसन्डी तारा, मध्य वि०, रूपौली, मध्य वि० आलमपुर, मध्य वि०, बन्हैती, मध्य वि० कल्याणपुर उत्तर, मध्य वि०, खमार टभका द० एवं दलसिंहसराय प्रखंड के मध्य वि०, कमराउ को उत्क्रमित नहीं किये जाने के कारण वहां के छात्रों को उच्च शिक्षा लेने हेतु दूर दराज के विद्यालयों में जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का लाभ

* 255. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा माध्यमिक कक्षा के छात्र एवं छात्राओं को साईकिल वितरण करने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज विधान-सभा क्षेत्र के राम लखन सिंह यादव उच्च विद्यालय, पैगम्बरपुर, उच्च विद्यालय, सीही, उच्च विद्यालय, चन्दोह में माध्यमिक कक्षा के छात्र-छात्राओं को साईकिल योजना से वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना से वंचित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को साईकिल योजना का लाभ दिलाते हुए विलम्ब के लिए दोषी अधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पढ़ाई प्रारंभ करना

* 256. श्री पदम पाराग राय वेणु--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत जोगबनी में स्थित जोगबनी उच्च विद्यालय में 10+2 की पढ़ाई नहीं होती है, जिसके कारण उक्त विद्यालय के अध्ययनरत छात्रों को 10+2 की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक जोगबनी उच्च विद्यालय में 10+2 की पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आश्रम खोलना

*257. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार अनाथ, असहाय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिये दृढ़संकल्पित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में एक भी अनाथ आश्रम नहीं है, जिससे अनाथों एवं असहायों को काफी तकलीफ होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला में अनाथ आश्रम खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का जीर्णोद्धार

*258. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के बलहां मुसहरी के महंथ श्याम सुन्दर दास प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सात सौ छात्राएं पढ़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005 एवं 2006 में 69 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराया गया था एवं आठ शौचालय का निर्माण कराया गया था जो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भवन का जीर्णोद्धार एवं शौचालय की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*259. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 अगस्त, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''रजिस्ट्रेशन के नाम पर मची है लूट'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सी०बी०एस०ई० ने 9वीं एवं 11वीं में रजिस्ट्रेशन के लिए मात्र 100 रुपये निर्धारित किये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिले में 90 स्कूल दसवीं तक और 40 स्कूल 12वीं तक सी०बी०एस०ई० से मान्यता प्राप्त है लेकिन इससे भी कहीं ज्यादा स्कूल ऐसे हैं जो सी०बी०एस०ई० के नाम पर अपना स्कूल चलाते हैं या फिर मान्यता प्राप्त स्कूल में रजिस्ट्रेशन करवाने का वादा कर छात्रों और अभिभावकों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर दो से तीन हजार रुपये वसूलते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैसे स्कूलों को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल करने वाले स्कूल पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी का पदस्थापन

*260. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के पद पर विगत चार वर्षों से किसी की स्थाई रूप से प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, जिसके कारण विभाग के संचिकाएं का निष्पादन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रोहतास जिला में स्थाई रूप से जिला प्रोग्राम पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*261. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय से किसी भी मार्ग में सरकारी बसों का परिचालन नहीं होता है जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है; .

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गया जिला के वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय के मुख्य मार्गों पर सरकारी बस चालने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*262. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया नगर पंचायत क्षेत्र में पचमहल्ला खेल का मैदान है, जो स्टेडियम बनाने की सारी अर्हता को पूरा करता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मैदान पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

*263. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय में एम०एड० के पठन-पाठन के लिए शिक्षक के दस स्वीकृत पदों के विरुद्ध 8 पद पिछले पांच साल से खाली पड़ा है जिससे विद्यार्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

---

छात्रावास की मरम्मती

*264. श्री तार किशोर प्रसाद—दैनिक समाचार-पत्र के भागलपुर संस्करण में दिनांक 31 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''संसाधनविहीन छात्रावास कैसे हो छात्रों का वास'' के आलोक में क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत के०बी० झा कॉलेज परिसर में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास वर्ष 2007 से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस छात्रावास में विभाग द्वारा आवश्यक सुविधाएं एवं उपस्कर मुहैया नहीं कराये जाने के कारण छात्रों का वास नहीं हो रहा है एवं रख-रखाव के अभाव में भवन की स्थिति भी जर्जर हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस छात्रावास की मरम्मती कराते हुए छात्रों के रहने हेतु आवश्यक सुविधाएं एवं उपस्कर मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*265. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड में एकमात्र बलौर खेल स्टेडियम का निर्माण 1996-97 में प्रारम्भ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य अधूरा है तथा कार्य भी बंद है, जो कार्य हुआ था वह जीर्ण-शीर्ण मात्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर उसे पूरा कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*266. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड के स्टेडियम के निर्माण हेतु वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड में स्टेडियम नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय के आलोक में रून्नीसैदपुर प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

फीस पर नियंत्रण

*267. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं अलाभकारी समूह के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें निजी स्कूलों में आरक्षित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसकी भरपाई राज्य के सभी निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाकर की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण करना

*268. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चन्द्रधारी संग्रहालय, दरभंगा के विकास हेतु 2008-09 में ही संग्रहालय परिसर में उद्यान, थिमेटिक पार्क एवं परिसर विकास हेतु 78,49,000.00 की राशि आवंटित की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त योजना का अभीतक पूर्ण क्रियान्वयन नहीं हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि क्रियान्वित भाग भी प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त योजना का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सम्पन्न कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*269. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखण्ड में संझाघाट ग्राम में विश्वास यात्रा के सरकारी कार्यक्रम में 29 मई, 2010 को मुख्य मंत्री द्वारा संझाघाट म0वि0 को हाई स्कूल बनाने की घोषणा की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि संझाघाट म0 विद्यालय को अभीतक विभाग द्वारा उत्क्रमित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संझाघाट म0 विद्यालय को उत्क्रमित कर हाई स्कूल बनाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*270. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज में स्टेडियम नहीं है, जिसके कारण युवाओं को खेल क्षेत्र में अपनी प्रतिभा बढ़ाने की सुविधा नहीं मिल रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वजीरगंज में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

मानदेय का भुगतान

*271. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में प्रत्येक 100 बच्चों पर एक रसोईया रखे जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि 15 फरवरी, 2010 से विद्यालयों में कार्यरत रसोईया का मानदेय बढ़ाकर 1000 रु0 प्रतिमाह कर दिया गया है जिसका भुगतान उनके बचत खाता के माध्यम से किया जाना है;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के सम्पतचक प्रखंडान्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरा नवादा में कार्यरत रसोईयों के मानदेय का भुगतान आवंटन के अभाव के कारण अबतक नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कार्यरत रसोईयों को मानदेय का भुगतान शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*272. श्री पदम पराग राय वेणु--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत एक भी स्टेडियम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेडियम के नहीं रहने से खेलों का विकास नहीं हो पा रहा है, जबकि वहाँ सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फारबिसगंज विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत उच्च विद्यालय, रमै, उच्च विद्यालय, सिमराह (रेणु गाँव) एवं उच्च विद्यालय, हरिपुर के खेल के मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियमित करना

*273. श्री अख़तरूल इस्लाम शाहिन-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मिथिला विश्वविद्यालय सहित राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में कर्मियों का वेतन हर वर्ष फरवरी माह के बाद 3-4 माह बाद होता है जिसके कारण शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन कर्मियों का वेतन भुगतान नियमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम बनाना

*274. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ, गुरारू एवं परैया प्रखंड में अवस्थित उच्चतर विद्यालयों में खेल-कूद का मैदान है, जो स्टेडियम बनाने की सारी अर्हता पूरा करता है, लेकिन उक्त क्षेत्र में एक भी स्टेडियम नहीं रहने के कारण खेल-कूद में अभिरूचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मैदानों में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*275. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखण्ड के म०वि०, श्रीरामपुर, म०वि०,बी०टी० बिगहा, म०वि०, ढ़ाबचिरैया, म०वि०, चिलिम, डोभी प्रखण्ड के म०वि०, नीमा, म०वि०, बभनदेव, म०वि०, मालीचक, म०वि०, औरवादोहर, म०वि०, नदरपुर, म०वि०, करमौनी, म०वि०, पीपरचट्टी एवं आमस प्रखण्ड के म०वि०, श्यामकला, म०वि०, नौगढ़, म०वि०, चिताबखुर्द, म०वि०, श्यामनगर, नीमा कार्यरत है जिससे पाँच कि०मी० के परिधि में उच्च विद्यालय नहीं होने से छात्र एवं छात्राओं का पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का पदस्थापन

*276. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी अनुमंडल में अवर निबंधन पदाधिकारी पदस्थापित नहीं रहने के कारण आमलोगों को कार्य निष्पादन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पटोरी अनुमंडल मुख्यालय में अवर निबंधन पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

बस का परिचालन

*277. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ और गुरारू परैया प्रखंडों के किसी भी मार्ग में सरकारी बसों का परिचालन नहीं होता है जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मार्गों पर सरकारी बस चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन पूर्ण करना

*278. श्री अंबिका सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआँव प्रखंड के अन्तर्गत देवरिया प्राथमिक विद्यालय में भवन बनाने के लिए वर्ष 2006 में सर्वशिक्षा अभियान से 8.30 (आठ लाख तीस हजार) रुपया स्वीकृत हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय का भवन मात्र लिंटर तक ही बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन पूर्णरूपेण बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केन्द्र स्थापित करना

*279. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड के धपाड़ी एवं पीपरपाती गाँव है जो दो-दो वार्डों पर आधारित है, परन्तु वहाँ एक भी आँगनबाड़ी केन्द्र कार्यरत नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार दोनो गाँव के कुल चारो वार्ड के लिए अलग-अलग आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*280. श्री विक्रम कुँअर--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के हुसैनगंज और बड़हरिया प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पोषाक के लिए वितरित की गई राशि में घोर अनियमितता की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सीवान ने पत्रांक 370, दिनांक 4 जून, 2011 को सचिव, समाज कल्याण विभाग से कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हुसैनगंज एवं बड़हरिया पर कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई प्रारंभ करना

* 281. श्री राजेश्वर राज-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से अंगीभूत ए०एस० महाविद्यालय, विक्रमगंज में पाली विषय की पढ़ाई वर्ष 2004 से ही बंद रहने से क्षेत्रीय छात्रों को अन्य दुरस्थ महाविद्यालयों में अध्ययन के लिए जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में पुनः पाली विषय की पढ़ाई प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 282. श्री अख्तरूल ईमान-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के 188 प्राथमिक विद्यालय विगत एक वर्ष से भवनहीन है, जिसके कारण वहाँपर नामांकित बच्चे खुले आसमान तथा बांस झाड़ के नीचे पठन-पाठन करने पर विवश हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक 188 विद्यालयों में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

* 283. श्री अभिराम शर्मा-- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड के ग्राम सिकरिया में अम्बेदकर आवासीय छात्रावास निर्माण हेतु दिनांक 21 जनवरी, 2011 को माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग द्वारा घोषणा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मंत्री के घोषणा के बावजूद उक्त स्थान पर अम्बेदकर आवासीय छात्रावास निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोषणा के आलोक में अम्बेदकर आवासीय छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रधानाध्यापक की नियुक्ति

* 284. डा० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 22 अगस्त, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''स्कूल 26 हजार, प्रधानाध्यापक साढ़े तीन हजार'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 26 हजार मध्य विद्यालयों में मात्र 3500 प्रधानाध्यापक ही कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि शेष 22500 मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक नहीं रहने के कारण छात्रों के पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य के सभी मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की बहाली करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

* 285. श्री रत्नेश सादा-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड पतरघट के विसनपुर मध्य विद्यालय विगत दस वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विसनपुर मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने के सारे शर्तों को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक विसनपुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

* 286. श्री मोती लाल प्रसाद-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के वैरगनियां प्रखंड स्थित बेल गांव में राजकीय मध्य विद्यालय है जहां आस-पास कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे यहाँ के बच्चे उच्च विद्यालय में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजकीय मध्य विद्यालय, बेल को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन पूर्ण करना

* 287. श्री राम बालक सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के लड्डु लाल उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कार्य वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ जो आज भी अधूरा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

-------

निजात दिलाना

* 288. श्री मंजीत कुमार सिंह-- क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली, सिंधवलिया एवं बैकुण्ठपुर प्रखंडों में बंदर, हिरण एवं नीलगायों के आतंक से किसान परेशान हैं, यदि हां, तो क्या सरकार इससे निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*289. श्री अंबिका सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखण्ड में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका का ग्यारह पद रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों का पदस्थापन

*290. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के करायपरशुराम प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, निरिया में आठ स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र एक ही शिक्षक कार्यरत है जिसके कारण पठन-पाठन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, निरिया में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यवेक्षिका की नियुक्ति

*291. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समेकित बाल विकास परियोजना के तहत सीतामढ़ी जिला में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका के नियुक्ति हेतु एक वर्ष पूर्व आवेदन-पत्र जमा कराया गया था लेकिन अभीतक चयन की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सेवा का सामंजन

*292. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तदर्थ शिक्षकों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर सिविल अपील सं० 1601-1602/2004 के ऑब्जरवेशन एण्ड डायरेक्शन के आलोक में शासन के स्तर पर दिनांक 10 फरवरी, 1989 तक नियुक्त तदर्थ शिक्षकों की सेवा सामंजन का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस तरह के 10 फरवरी, 1989 के पूर्व नियुक्त और कार्यरत तदर्थ शिक्षक लगभग 15 वर्षों से बिना वेतन के ही सेवारत हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि विधि परामर्श एवं मानव संसाधन विकास विभाग के अनुरोध पर विचारोपरान्त माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा 10 फरवरी, 1989 तक नियुक्त एवं कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को व्याख्याता पद की अर्हता, योग्यता की जाँच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उच्चस्तरीय समिति के प्रतिवेदन पर तदर्थ शिक्षकों की सेवा सामंजन हेतु विश्वविद्यालय को आवश्यक निर्देश देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

भवन का निर्माण

*293. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम धनगांवा पश्चिम, कोपीन, रसलपुरा, विजूबिगहा एवं सीतामढ़ी में आंगनबाड़ी केन्द्र का अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण वहां के स्थानीय बच्चों एवं सेविका/सहायिका को केन्द्र चलाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक का पदस्थापन

*294. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी के उच्च विद्यालय, बासपट्टी, उच्च विद्यालय, बाचोपट्टी, नरहा, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, शिवाईपट्टी, नानपुर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय शांति कुटीर, बेला उच्च विद्यालय, जानीपुर, उच्च विद्यालय, बहेड़ा एवं बोखड़ा प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, खेड़का बसंत में शिक्षकों के स्वीकृत पद के अनुरूप शिक्षक का पदस्थापन नहीं है जिसके कारण शिक्षण कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार शिक्षकों के स्वीकृत पद के अनुरूप पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि विमुक्त करना

*295. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अन्तर्गत पी०बी०एस० कॉलेज, बांका में प्रयोग प्रदर्शक के पाँच स्वीकृत पदों के विरुद्ध पाँच प्रयोग प्रदर्शक कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रयोग प्रदर्शकों के मद में विभागीय पत्रांक 06, दिनांक 19 अगस्त, 2011 में पी०बी०एस० कॉलेज, बांका में प्रयोग प्रदर्शकों का पद शून्य दर्शाते हुए वेतन आदि मद में राशि विमुक्त नहीं किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि खंड (2) में उल्लिखित विभागीय पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय के पत्रांक 4684, दिनांक 14 नवम्बर, 2011 के द्वारा स्वीकृत पदों का ब्यौरा देते हुए वेतन आदि मद में राशि विमुक्त नहीं किए जाने के कारण संबंधित कर्मियों का वेतन बन्द है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वेतन आदि मद में राशि विमुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास बनाना

*296. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखण्ड के राजकीय +2 हाई स्कूल, लगमा का हरिजन छात्रावास विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजकीय +2 हाई स्कूल, लगमा में हरिजन छात्रावास, शौचालय एवं कॉमन रूम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

*297. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल का उद्घाटन 7 जून, 1991 को हुआ था, लेकिन आजतक बिरौल अनुमंडल में उप-निबंधन कार्यालय का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल में उप-निबंधन कार्यालय नहीं रहने से बिरौल अनुमंडल के लोगों को कोसी कमला बलान नदी पार करके 30 कि०मी० से 40 कि०मी० दूरी तय कर बहेरा निबंधन कार्यालय जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिरौल अनुमंडल में कबतक उप-निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*298. श्री रामानंद राम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड के राजकृत उच्च विद्यालय, गढ़पुरा में चहारदीवारी नहीं रहने से अध्ययन कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*299. श्री बैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, अनु० जाति/अनु० जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी महाविद्यालय के प्रांगण में बने अनु०जाति/अनु० जन-जाति छात्रावास का भवन अत्यंत ही जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षण की व्यवस्था

*300. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमराँव में 50 वर्ष पूर्व महिला प्राथमिक शिक्षक महाविद्यालय की स्थापना की गयी थी जिसमें वर्ष 1992 से नामांकन बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नामांकन बंद रहने के कारण भोजपुर एवं बक्सर जिला की लड़कियाँ शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमराँव महिला प्राथमिक शिक्षक महाविद्यालय में अगले चालू सत्र से नामांकन प्रारम्भ कर प्रशिक्षण की व्यवस्था कराना चाहती है,-यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*301. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय, डगरशाम अवस्थित है, जिसके पाँच कि०मी० की परिधि में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है जिसके कारण उक्त विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*302. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की अंगीभूत इकाई महाविद्यालय, हरप्रसाद दास जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज तथा एम०एम० महिला कॉलेज सहित सभी अंगीभूत कॉलेजों में 2011 इण्टर के नामांकन में आरक्षण नियमों में रोस्टर का पालन नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आरक्षित वर्ग में अधिक अंक प्राप्तकर्त्ता छात्रों को और सामान्य श्रेणी में कम अंक प्राप्तकर्त्ता छात्रों को योग्य माना गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरक्षण की नियमों की अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों को भरना

*303. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "शिक्षकों का टोटा, कैसे होगी पढ़ाई" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभागों में 28 हजार विद्यार्थियों के लिए स्वीकृत 810 पद जिनके विरुद्ध 390 नियमित शिक्षक हैं, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार छात्र-छात्राओं के हित में कबतक स्वीकृत पदों को भरने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*304. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी के उच्च विद्यालय, बाजपट्टी, उच्च विद्यालय, बाचोपट्टी नरहा, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, शिवाईपट्टी तथा नानपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, शांति कुटीर वेला, जानीपुर एवं बहेड़ा का भवन पूर्णतः जर्जर हो चुका है जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*305. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से समस्तीपुर, दलसिंहसराय एवं रोसड़ा के लिए एक भी परिवहन निगम की बस नहीं चलती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के लिए बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*306. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्डान्तर्गत एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे लड़कियों के पठन-पाठन में दिक्कत होती है, यदि हां, तो क्या सरकार लड़कियों के लिए उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी का निर्माण

*307. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड स्थित आनन्दपुर हाई स्कूल में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

शराबखाना हटाना

*308. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य-निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा जामा मस्जिद के निकट शराब की दुकान है, जिसके कारण आम नामाजियों के नमाज पढ़ने तथा मस्जिद आने-जाने तथा इबादत करने में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त शराबखाना को वहाँ से हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उच्च विद्यालय खोलना

*309. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत डोभी प्रखण्ड मुख्यालय में कोई भी सरकारी उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार डोभी प्रखण्ड मुख्यालय में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*310. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का निर्णय वर्ष 2006-07 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, तुजारपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय, टेंहटी, मध्य विद्यालय, दयालपुर, माध्यमिक विद्यालय, खेरा, उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी मानकों को पूरा करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*311. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, काशीपुर के प्रांगण में खासकर बरसात के दिनों में भारी जल-जमाव रहता है जिसके कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है और पढ़ाई बाधित होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में पुस्तकालय एवं वाचनालय नहीं है, जिसके कारण छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास में जल निकासी की व्यवस्था, पुस्तकालय, वाचनालय का निर्माण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अद्यतन तकनीक अपनाना

*312. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में 1993 ई० में स्थापित तारामंडल में लगभग दो दशक पुराने जी०एम०-2/एस्ट्रोविजन-35 प्रजेंटेशन तकनीक से ही दर्शकों को तारामंडल की सैर करायी जाती है, यदि हां, तो सरकार अद्यतन डिजिटल तकनीक को अपनाने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

स्टेडियम का निर्माण

*313. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर प्रखण्ड में नेताजी सुभाष खेल परिसर, धनावाँ में साढ़े तीन एकड़ गैर-मजरूआ सरकारी जमीन है, जहां आस-पास के दस गाँवों के खेल प्रेमी खेल का अभ्यास करते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*314. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखण्ड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय, मोरिया एवं तरैया प्रखण्ड स्थित योगीराज बालदेव सिंह महाविद्यालय, तरैया में खेल का स्टेडियम नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त विद्यालयों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकांत झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 112--डी०टी०पी०--450